**बृहस्पतिवार**
11 अप्रैल 2024



पृष्ठ 4
**गर्मियों में स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए केवल मॉइश्चराइजर नहीं होगा काफी**



पृष्ठ 5
**स्टाइलिश आउटफिट पहन पूनम पांडे ने बिखेरा जलवा**



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 73
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होती और जागते रहने से भय नहीं होता।
— चाणक्य

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**विकसित भारत का संकल्प पूरा करने को भाजपा को जितायें**

# कांग्रेस ने देश को कमजोर किया: मोदी



**●10 सालों में उत्तराखंड का हुआ विकास**
**●पलायन, अब हुआ बीते कल की बात**

विशेष संवाददाता

ऋषिकेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपनी ऋषिकेश की चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार के 10 सालों के कार्यकाल में देश का अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि वह विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए फिर एक बार उनकी सरकार बनवायें।

उन्होंने कहा कि केंद्र में जब-जब कमजोर सरकार रही है दुश्मनों ने उसका फायदा उठाया है और जबसे केंद्र में भाजपा की मजबूत सरकार बनी है उसने दुश्मनों को घर में घुसकर मारने से लेकर कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करने और तीन तलाक जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने व महिलाओं को मजबूत बनाने का काम किया है। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार होती तो सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन का लाभ नहीं मिला होता। उन्होंने कहा कि उनके समय में सैनिकों के पास बुलेट प्रूफ जैकेट तक नहीं होती थी उनकी सरकार ने उन्हें जैकेट से लेकर लड़ाकू जेट विमान तक उपलब्ध कराए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के इंफ्रास्ट्रेक्चर को कमजोर किया जबकि हमने सीमा तक सुरंगे व सड़के बनाई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इन 10 सालों में बहुत सारे विकास के काम हुए हैं। राज्य में रोड से लेकर रेल और एयर कनेक्टिविटी में भारी सुधार हुआ है। रोपवे बनने से यह सुविधा और अधिक बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन का जिस तेजी से विकास हुआ है उससे रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। चार धाम आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि हमारे शासनकाल में उनकी लूटपाट बंद हो गई है क्योंकि अब सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ गरीबों तक पहुंच रहा है इसीलिए वह अब मोदी को गाली दे रहे हैं। हम कह रहे हैं भ्रष्टाचार मिटाओ वह कह रहे हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। वह दिल्ली में बैठे शाही परिवार और वहां बैठे अपने परिवार की लड़ाई लड़ रहे हैं और मैं आपके हितों की लड़ाई लड़ता हूं क्योंकि ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# प्रधानमंत्री की जनसभा में विरोध करने जा रहे कांग्रेसी हिरासत में

हमारे संवाददाता

ऋषिकेश। तीर्थ नगरी ऋषिकेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आईडीपीएल जनसभा में अंकिता भंडारी हत्याकांड और अन्य सवालों को लेकर विरोध करने जा रहे कांग्रेस के करीब डेढ़ दर्जन कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री के ऋषिकेश आगमन पर कुछ सवाल उठाते हुए इन पर जवाब मांगते हुए रैली में पहुंचने का आह्वान किया गया था। रेलवे रोड स्थित चुनावी कार्यालय में सुबह से ही पुलिस ने डेरा जमा दिया। किसी तरह से कांग्रेस कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए ऋषिकेश से आईडीपीएल की और बढ़े। जिस पर पुलिस द्वारा कुछ कार्यकर्ताओं को घाट चौराहा के पास रोक दिया गया। कुछ लोग आगे बढ़ने में सफल रहे। कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला के नेतृत्व में करीब डेढ़ दर्जन कार्यकर्ताओं को कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट सहित पुलिस फोर्स ने लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस के समीप रोक दिया। पुलिस ने यहां उन्हें समझाने की कोशिश की मगर वह आगे बढ़ने की जिद पर अड़े रहे। पुलिस ने मौके से डेढ़ दर्जन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और उन्हें कोतवाली लाया गया है।



# बीआरएस नेता के. कविता को शराब घोटाले में सीबीआई ने किया गिरफ्तार



नई दिल्ली। दिल्ली के कथित शराब घोटाले मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने बीआरएस नेता के कविता को अरेस्ट कर लिया है। ईडी के बाद अब सीबीआई ने बीआरएस नेता के कविता को गिरफ्तार कर लिया है। के कविता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और तिहाड़ जेल में बंद हैं। सीबीआई ने के कविता से जेल में पूछताछ की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में कविता को 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने बुधवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया था कि उसने के कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ की। सीबीआई ने ईडी और सीबीआई मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा (राउज एवेन्यू कोर्ट) को बताया कि अदालत के आदेश के बाद उसने छह अप्रैल को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) कविता से पूछताछ की। अदालत ने पांच अप्रैल को सीबीआई को कविता से जेल में पूछताछ की अनुमति दी थी। कविता ने उस आदेश को चुनौती दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट 26 अप्रैल को इसपर सुनवाई करेगा।

# स्कूल की बस पलटी, 6 बच्चों की मौत कई घायल

हमारे संवाददाता

हरियाणा। हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में दर्दनाक घटना सामने आई है, यहां बच्चों से भरी एक स्कूल बस पलट गई। जिसके चलते 6 छात्रों की मौत हो गयी वहीं कई बच्चे गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना के समय निजी स्कूल की बस में लगभग 35 बच्चे सवार थे। घटना जिले के कनीना उपमंडल के गांव उन्हांनी के पास हुई है। बताया जा रहा है कि करीब 5 बच्चों की इस दर्दनाक हादसे में मौत हो गई है जबकि एक की उपचार के दौरान मौत होने की बात कही जा रही है। वहीं हादसे का वीडियो भी सामने आया है, जो काफी भयावह है। हैरान कर देने वाली बात यह है कि सरकारी छुट्टी होने के बावजूद स्कूल खुला हुआ था। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद आनन-फानन में बच्चों को अस्पताल भेजा गया। वहीं सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे. मीडिया रिपोर्टों में हादसे का कारण ओवरटेक बताया जा रहा है। इस हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गई है वहीं 15 बच्चे घायल हो गए। दरअसल, बस ड्राइवर ने सीधे पेड़ में टक्कर मार दी, जिसके चलते बस पलट गई।



बस में कुल 33 बच्चे सवार थे. वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने घायल बच्चों को निहाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉक्टर रवी कौशिक ने बताया कि उनके पास 20 बच्चे आए थे, जिनमें से पांच के मौके पर मौत हो चुकी थी जबकि एक की उपचार के दौरान मौत हुई है। बाकी घायल बच्चों का प्राथमिक उपचार करके हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घायलों को रोहतक पीजीआई और महेंद्रगढ़ भेजा गया है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# फंस ही गए रामदेव व बालकृष्ण

भ्रामक और आपत्तिजनक विज्ञापन मामले में अदालत के आदेशों की अवमानना किए जाने का मामला अब स्वामी रामदेव और बालकृष्ण पर भारी पड़ता दिख रहा है। उनके द्वारा दूसरी बार भी दिए गए बिना शर्त माफी मांगने वाले हलफनामे पर कड़ी आपत्ति जताते हुए खारिज कर दिया गया है। सत्ता संस्थान और सत्ता संरक्षण प्राप्त लोगों द्वारा अदालत के आदेशों को ठेंगा दिखाने की भूल करने वालों को अब न्यायपालिका का अस्तित्व समझ आना ही चाहिए। कल न्यायालय की उस पीठ द्वारा जो इस मामले की सुनवाई कर रही है जिस तरह की फटकार लगाई गयी है और साफ–साफ कहा है कि अगर गलती की है तो परिणाम भुगतने के लिए भी तैयार हो जाइए, से साफ हो गया है कि न्यायपालिका अब किसी भी कीमत पर रामदेव और बालकृष्ण को बख्शने को तैयार नहीं है न्यायपालिका इस मामले में आरोपियों को कड़ी सजा देकर एक ऐसा उदाहरण पेश करना चाहती है कि शासन प्रशासन में बैठे लोग और सत्ता का संरक्षण पाने वाले खुद को न्यायपालिका से भी ऊपर समझने की भूल न करें। अदालत ने सिर्फ इस मामले में रामदेव और बालकृष्ण को ही नहीं बल्कि राज्य के लाइसेंसिंग प्राधिकारी और आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी पर भी कार्यवाही की बात करते हुए कहा है कि क्यों न उन्हें भी निलंबित कर दिया जाए जिन्होंने केंद्र के 20–20 आदेश जिसमें विज्ञापनों को रोकने को कहा था, गंभीरता से नहीं लिया। अब 16 अप्रैल को अदालत इस मामले में क्या फैसला सुनाती है यह तो तभी पता चलेगा लेकिन अदालत के सख्त रूख से यह साफ हो चुका है कि उन्हें माफ नहीं किया जा सकता है। यह फैसला इसलिए भी जरूरी है क्योंकि मामला जनमानस के स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा है जो नकली दवाएं बना कर जनजीवन के साथ खिलवाड़ करते हैं। उसके लिए यह फैसला उन्हें सतर्क करेगा। हमने देखा था कि पूरा देश और इस देश का आम और गरीब आदमी जीवन और मौत से कोरोना काल में जूझ रहा था तमाम दवा निर्माता नई–नई दवाई बाजार में लाकर और शर्तिया इलाज की गारंटी देकर जनता को न सिर्फ लूट रहे थे बल्कि जीवन रक्षक दवाओं का हाल तो यह था कि वह मनवाने दामों पर बेची जा रही थी। स्वामी राम देव और बालकृष्ण आज जिस मुसीबत में फंसे हुए हैं उसके पीछे अहम कारण राज्य व केंद्र की सरकारों द्वारा दिए जाने वाला संरक्षण ही प्रमुख कारण है लेकिन अब जब रामदेव और बालकृष्ण पर कानूनी शिकंजा कसा जा रहा है तो कोई भी उन्हें बचाने के लिए सामने नहीं आ सकता है। क्योंकि उनका किसी तरह का हस्तक्षेप उनकी भी किरकिरी कर सकता है। वैसे भी जब सत्ता पर काबिज लोग जो इन दिनों न्यायपालिका के सख्त रूख के कारण खुद भी मुसीबत की मार झेल रहे हैं वह और कोई भी पंगा नहीं लेना चाहेंगे। स्वामी रामदेव और बालकृष्ण धनबल और सत्ता संरक्षण के जरिये भले ही कुछ भी कर गुजर सकते हो लेकिन न्यायपालिका के सामने अब हाथ जोड़कर खड़ा होना और माफीनामे का दिखावा करके भी वह स्वयं की रक्षा करने में असमर्थ दिखाई दे रहे हैं। देखना होगा कि अब जब इस मामले की सुनवाई 16 अप्रैल को होगी अदालत क्या सजा सुनाती है हां एक बात तय है कि इसकी अनुगूंज बहुत दूर तक जरूर जाएगी।

## कबाड़ के गोदाम में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

हमारे संवाददाता

नैनीताल। कबाड़ (टायर) के गोदाम में आज तड़के लगी भीषण आग से अफरा तफरी मच गयी। सूचना मिलने पर फायर सर्विस ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शाट शर्किट बताया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार आज प्रातः 2. 11 बजे फायर स्टेशन रामनगर में शाहिद नामक व्यक्ति ने खुद आकर सूचना दी कि गैस गोदाम खताडी के पास कूड़े के गोदाम में भीषण आग लगी है। सूचना पर तत्काल अमल लेते हुए फायर टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि आग वसीम अहमद पुत्र मोहम्मद वैयाब निकट गैस गोदाम रामनगर के कबाड़ (टायर) के गोदाम में लगी थी। फायर सर्विस द्वारा फायर टेंडरो से दो हौज पाइपों की मदद से पंपिंग कर आग को बुझाना शुरू किया गया। आग टायरो में लगे होने के कारण उसे बुझाने में कठिनाई हो रही थी। जिसको कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मौके पर स्थानीय पुलिस जनता व गोदाम के मालिक स्वयं मौजूद रहे। तथा आग से किसी प्रकार की जनहानि की कोई सूचना नहीं है।

आ जामिरत्के अव्यत भुजे न पुत्र ओण्योः।
सरज्जारो न योषणां वरो न योनिमासदम्।।
(ऋग्वेद ९-१०१-१४)

जिस प्रकार एक बालक अपने माता-पिता की गोद में सुरक्षा और प्रसन्नता का अनुभव करता है। जिस प्रकार एक प्रेमी प्रेमिका के पास प्रसन्न होकर जाता है। जिस प्रकार एक दूल्हा विवाह की वेदी पर प्रसन्न होकर बैठता है। उसी प्रकार सोम अपने पसंदीदा स्थान प्रेम में स्थित होकर प्रसन्न होता है।

# कीड़ा जड़ी ऑनलाइन बाजार में धड़ल्ले से हो रही बिक्री, सरकार भेज रही है जेल

संवाददाता

मुनस्यारी। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि प्रदेश सरकार कीडा जडी के साथ पकडे गये लोगों को जेल भेज रही है वहीं कीडा जडी ऑनलाइन बाजार में धडल्ले से बिक रही है।

आज यहां जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने मुख्यमंत्री को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजते हुए इसकी नीति

### ❑जिपसं मर्तोलिया ने भेजा मुख्यमंत्री को खत

बनाने की मांग करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार कीड़ा जड़ी (यारसागंबू) का व्यापार करने वालों को सलाखों के पीछे जेल भेज रही है। वहीं दुनिया के ऑनलाइन बाजार में कीड़ा जड़ी और उसके उत्पाद धड़ल्ले से बिक रहे है। उत्तराखंड के हिमालय क्षेत्र में कीड़ा जड़ी एक मुख्य व्यवसाय बन गया है। उत्तराखंड सरकार ने वन पंचायतों को कीड़ा जड़ी खोजने के लिए संग्रहण करने के लिए अनुमति पत्र बनाने का अधिकार आज से 15 साल पहले वर्ष 2008 में दे दिया था। उत्तराखंड सरकार आज तक कीड़ा जड़ी को खुले बाजार में बेचने की अनुमति के मामले में फिसड्डी साबित हुई है। सरकार ने वन विभाग, वन निगम, भेषज संघ को खरीद का अधिकार वर्ष 2012 में दिया था। इनके द्वारा एक दो साल कीड़ा जड़ी खरीदी गई। इन संस्थाओं के द्वारा कीड़ा जड़ी भरपूर मात्रा में भी नहीं खरीदा गया। केवल कुछ किलो खरीद कर खानापूर्ति कर दी गई। उन्होंने कहा कि सीमांत के लोगों को कीड़ा जड़ी का मूल्य समय से नहीं मिलने के कारण इन तीनों सरकारी संस्थानों ने कीड़ा जड़ी खरीदना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब वन निगम विभाग द्वारा कीड़ा जड़ी खरीदने के लिए ठेकेदारों का पंजीकरण किया जाता है। सरकार के दोनों प्रयोग सफल नहीं हो पा रहे है। अगर आज आप दुनिया के ऑनलाइन व्यापार कंपनी के साइट को देखें तो अमेजन, फ्लिपकार्ट सहित कई कंपनियां कीड़ा जड़ी तथा और उसके उत्पादों को आपके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था कर रहे है। उत्तराखंड में करोड़ रुपए का व्यापार कीड़ा जड़ी से किया जाता है। सरकार को भी करोड़ों का राजस्व प्राप्त हो सकता था, लेकिन उत्तराखंड की सरकार इस मामले में अन्य मामलों की तरह इस मामले में भी गहरी निद्रा में है। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने प्रदेश के सीएम धामी को ज्ञापन भेजकर कीड़ा जड़ी को खुले बाजार में बेचने की अनुमति के लिए शीघ्र अध्यादेश जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कीड़ा जड़ी को खुले बाजार में बिक्री की अनुमति देकर सीमांत क्षेत्र में चीन तथा नेपाल सीमा में रहने वाले लोगों की आजीविका को बढ़ाया जा सकता था। उस पर भी सरकार 24 साल बाद भी सोई हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को हिमाचल के प्रथम मुख्यमंत्री डॉक्टर यशवंत सिंह परमार जैसा व्यक्तित्व चाहिए था, जो आज तक नहीं मिला है। उत्तराखंड आज भी शराब तथा खनन पर आधारित अर्थव्यवस्था पर चल रहा है, जिसकी उम्र बहुत लंबी नहीं है।

## *सजा का प्रमाण दिखायेंगे तो जिला पंचायत की कुर्सी छोड़ दूंगा: मर्तोलिया*

*संवाददाता*

*मुनस्यारी। जगत मर्तोलिया ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार कीडा जडी के आरोपी को सजा होने का प्रमाण दिखा देगी तो वह पद से इस्तीफा दे देंगे।*

*जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने दावा किया कि अगर उत्तराखंड सरकार कीड़ा जड़ी के एक भी आरोपी को सजा होने का प्रमाण दिखा देगी तो जिला पंचायत सदस्य पद से त्यागपत्र दे देंगे। कहा कि विभिन्न न्यायालयों में चल रहे मामलों में वन विभाग तथा पुलिस कीड़ा जड़ी की प्रजाति को तक साबित नहीं कर पा रहे है, इसलिए सभी आरोपी बाइज्जत बरी हो रहे है। पकड़े जाने के बाद जो यातना उन्हें सहनी पड़ती रही वह मानवाधिकार का खुला उल्लंघन है। एक से डेढ़ साल के भीतर जमानत तक नहीं मिल पा रही है। इस काला कानून को बदला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को शर्म होती तो वह कीड़ा जड़ी को ओपन मार्केट के लिए अनुमति दे देती। उन्होंने कहा कि पुलिस तथा वन विभाग कीड़ा जड़ी के आरोपियों से माल कमाने में लगी हुई है। सरकार के जनता से चुने हुए नुमाइंदे ब्यूरोक्रेसी के जाल में फंसे हुए है। इससे उत्तराखंड में कोई भी जनपक्षीय कार्य नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा केवल बड़ी–बड़ी बातें की जाती है, लेकिन धरातल में कुछ भी नहीं हो रहा है। राज्य बनने के 23 वर्षों में उत्तराखंड की जनता ने केवल नए- नए नारे सुने है। हकीकत में इस राज्य के भीतर नीतिगत मामलों में कुछ भी नहीं हो रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण कीड़ा जड़ी का व्यापार है।*

# इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी जोतसिंह गुनसोला के समर्थन में बैठक

संवाददाता

देहरादून। इण्डिया गठबंधन के टिहरी लोकसभा प्रत्याशी जोतहिस गुनसोला के समर्थन में हुई बैठक में भाजपा की तानाशाही व कोरपोरेट परस्त नीतियों को जनता के सामने उजागर किया।

आज इण्डिया गठबंधन के टिहरी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी जोतसिंह गुनसोला के समर्थन में डीएलरोड स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर धर्मशाला सभागार में कामरेड अनिल गोस्वामी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा है कि भाजपा की तानाशाही एवं कोरपोरटपरस्त नीतियों के खिलाफ एकमात्र विकल्प इण्डिया गठबंधन है जो कि धर्मनिरपेक्ष ,सांप्रदायिक एकता व मुद्दों पर आधारित लोकसभा चुनाव के मैदान मे है और यह 19 अप्रैल 024 को होने जा रहे है। वक्ताओं ने कहा है कि 2014 में "अच्छे दिन" के नारे के साथ सत्तासीन हुए, मोदी सरकार देश के लिए चौतरफा तबाही और बर्बादी लेकर आयी है बीते दस सालों में देश में लोकतंत्र, संविधान, मजदूर, किसान, आदिवासी, अल्पसंख्यक, छात्र–युवा, महिला व समाज का हरेक हिस्सा भाजपा के साम्प्रदायिक एवं कारपोरेटपरस्त नीतियों से त्रस्त है। वक्ताओं ने कहा है कि युवा आबादी के लिये स्वर्णिम भविष्य का




वायदा अन्ततः दिवास्वप्न एवं खोखला साबित हुआ तथा पहले से रोजगार में लगे लाखों लाख लोगों का रोजगार छीनने का कार्य बड़े ही चालाकी से किया गया है। यदि राज्य का युवा रोजगार मांगता है तो उसे भारी दमन का सामना करना पड़ता है । कुल मिलाकर हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वायदा, एक दशक के बाद भी जुमला ही साबित हुआ है । बेतहाशा बढ़ती मंहगाई, नोटबंदी, जीएसटी आदि ने अर्थव्यवस्था की जो कमर तोड़ी दी है। वक्ताओं ने कहा कि निवर्तमान सरकार की वित्त मंत्री के अर्थशास्त्री पति ही कह रहे हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड देश का ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला है। उत्तराखंड में तीन मुख्यमंत्री और सात साल का अनुभव बता रहा है कि उत्तराखण्ड में डबल इंजन का मतलब डबल विकास नहीं डबल बर्बादी है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री व इंटक के प्रांतीय अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट, सीपीएम के जिला सचिव राजेन्द्र पुरोहित, कांग्रेस नेत्री सुनीता प्रकाश, अनन्त आकाश, सचिव मंडल सदस्य व सीटू के प्रांतीय सचिव व डीएवी कालेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष लेखराज, डीएवी के पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष अभिषेक भंडारी, कांग्रेस प्रवक्ता अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के अध्यक्ष बंटी कुमार सूर्यवंशी, महामंत्री अशोक कुमार, विनय शील द्विवेदी, मनोज कुमार, नितिन, अशोक सिंह, पंकज कुमार, लोकेश देवीव, मीना देवी, निर्मला देवी आदि उपस्थित थे।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंत विहार थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एलजी के शोरूम के पास एक एक्टिवा सवार को रूकने का इशारा किया तो पुलिस को देख वह एक्टिवा को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 144 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम विकास कर्णवाल पुत्र विनोद कर्णवाल निवासी सेवला कलां बताया। वहीं नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने नई बस्ती से एक व्यक्ति को 55 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम उमेद सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी दुर्गा मंदिर के पास नई बस्ती मोथरोवाला बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

## स्मैक के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने दर्रारट के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से छह ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम सादिक पुत्र नसीम निवासी जामा मस्जिद सहसपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## चरस के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने शीतला नदी के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा को उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 150 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम हसीन पुत्र मीर हसन निवासी बेहट सहारनपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## पैसा कमाने का लालच देकर ठगे 6.5 लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। टेलीग्राम एप व अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से टास्क देकर पैसा कमाने का लालच देकर साढे छह लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवला कला निवासी मृदुला बाली ने पटेलनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 29 मार्च 2024 को उसके मोबाइल नंबर एक कम्पनी के नाम से एक ग्रुप टेलीग्राम के मध्यम से उसको दिखाई दिया। ग्रुप से पता लगा कि यह ग्रुप किसी कम्पनी का है। ग्रुप की सुमित्रा द्वारा उसको रजिस्ट्रेशन करवाया गया और इसके बाद से टेलीग्राम पर जुड़कर उसको टास्क दिया गया। इसी प्रकार उक्त लोगों ने उसको विभिन्न टास्क देकर उसके खाते से 6 लाख 26 हजार रूपये ठग लिये हैं।

## हाउस टैक्स जमा करने की तिथि बढाने की मांग

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड आंदोलनकारी परिषद ने नगर निगम व जिला प्रशासन से हाउस टैक्स की तिथि बढाने की मांग की।

आज उत्तराखंड आंदोलनकारी परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार व व ईस्ट राज्य आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी करते हुए देहरादून नगर निगम प्रशासक और जिलाधिकारी से मांग की है कि वह जो 25 प्रतिशत हाउस टैक्स में छूट 30 अप्रैल तक देने की जो घोषणा की गई थी उसे बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि 10 अप्रैल हो चुकी है वह चुनाव की प्रक्रिया बीच में चल रही है इस मुद्दे को मध्य नजर रखते हुए 25 प्रतिशत हाउस टैक्स जमा करने की तिथि को जनहित में बढ़ाने की कृपा करें उन्होंने आगे कहा कि 25 प्रतिशत छूट मई माह तक दी जानी चाहिए ताकि जनता समय पर टैक्स जमा करा सके व नगर निगम को भी इसका लाभ मिल सके।

# लगातार लैपटॉप या मोबाइल पर काम करते हैं तो आंखों को यूं दें आराम



आंखें शरीर का सबसे कोमल हिस्सा होता है। ऐसे में इसका खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। कोरोना महामारी के चलते देश के कई राज्यों में लॉकडाउन लगा हुआ है। जिस वजह से लोग घर पर ही ऑफिस का काम कर रहे हैं। मगर, सारा दिन मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप में आंखें गढ़ाए रखने के चलते आंखों में थकावट, डार्क सर्कल्स और आंखों की रोशनी के कम होने की समस्या हो सकती है। इसलिए आज हम आपको इस समस्या को दूर करने के कुछ जरूरी टिप्स बताते हैं।

– एक कटोरी में ठंडा पानी और 1 चम्मच गुलाब जल मिलाएं। उस पानी में कॉटन डुबो कर 5-7 मिनट तक आंखों पर रखें। इस प्रक्रिया को दिन में 2-3 बार दोहराएं। इससे आंखों का भारीपन, दर्द व जलन दूर होने के साथ रोशनी बढ़ने में भी मदद मिलेगी।

– आंखों पर ठंडे पानी के छींटा मारें। इसके लिए सबसे पहले मुंह में थोड़ा-सा पानी भरें। फिर आंखों पर पानी से छींटा मारें। ऐसा दिन में 2 से 3 बार करने से कुछ ही दिनों में फर्क नजर आएगा। इससे आंखों में होने वाला दर्द, जलन व भारीपन दूर हो फ्रेश फील होगा।

– एक कटोरी में पुदीने के पत्ते डालकर रात भर भिगोएं। सुबह इस पानी में कॉटन डुबोएं और उसे आंखों पर थोड़ी देर के लिए रखें। इससे आंखों की थकान दूर होने के साथ भारीपन व जलन की परेशानी से भी राहत मिलेगी। साथ ही दिनभर तरोताजा महसूस होगा।

– दोनों हाथों को रगड़कर बंद आंखों पर रखें। इसके बाद आंखें खोलकर आई बाल्स को चारों दिशाओं में घुमाएं। फिर आंखें बंद करके गहरी सांस लें।

– जो चम्मच लेकर उन्हें ठंडे पानी में कुछ देर के लिए छोड़ दें। इन चम्मचों को उल्टा कर आंखों पर एक मिनट के लिए रखें। चम्मच से मिलने वाली ठंडक से आंखों की थकान दूर होगी।

– लगातार कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल फोन आदि का इस्तेमाल करने की जगह बीच-बीच में ब्रेक लें। हर 1 घंटे के बाद आंखों को थोड़ी देर के लिए बंद करें।

# खाने के अलावा स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद है शहद

मुलायम स्किन पाने के लिए लोग बहुत मेहनत करते हैं। कुछ लोग दिन में 2 से 3 बार फेस धोते हैं, वहीं कुछ लोग हर हफ्ते पार्लर जाते हैं ताकि उनकी स्कीम ग्लोइंग और मुलायम बन सके। इतना करने के बाद भी लोग अपनी स्किन को लेकर काफी परेशान रहते हैं। लोगों का मानना है कि बहुत कुछ करने पर भी स्किन हमेशा ड्राई ही रहती है। आप भी अपनी स्किन को मुलायम बनाना चाहते हैं, तो ये खबर आपके लिए है। आज हम आपको बताएंगे की कैसे घर पर रहकर आप अपने फेस की स्किन को ग्लोइंग और मुलायम बना सकते हैं।

ऐसे चमकेगी आपकी स्किन

फेस की स्किन ग्लोइंग करने के लिए आप भी परेशान है, तो आज से शुरू कर दें ये आसान टिप्स। आज हम आपको शहद से होने वाले फायदे के बारे में बताएंगे। शहद त्वचा के लिए कई तरह से फायदेमंद माना गया है। शहद का उपयोग कर आप अपने फेस की स्किन को मुलायम बना सकते हैं। इसके लिए आपको एक चम्मच शहद ,एक चम्मच दही और एक चम्मच बेसन तीनों को मिक्स करना होगा, मिक्स करने के बाद आप इसे अपने फेस पर लगा ले और 20 मिनट के लिए छोड़ दें। 20 मिनट के बाद गुनगुने पानी से अपने चेहरे को धो ले। ऐसा करने से भी आपको कुछ दिनों में असर देखने को मिलेगा।

शहद से बनाएं स्क्रब

शहद से आप स्क्रब भी बना सकते हैं, इसके लिए आपको एक चम्मच शहद ,चीनी और जैतून का तेल मिलाना होगा। तीनों को मिलाकर आप चेहरे पर धीरे-धीरे स्क्रब करें, फिर थोड़ी देर बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें। चेहरे को धोने के बाद आप थोड़ा सा शहद अपने चेहरे पर लगाए और धीरे-धीरे मसाज करें, जिसके बाद 10 से 15 मिनट के लिए इसे छोड़ दें फिर गुनगुने पानी से मुंह को धो ले।

अगर आपके फेस पर पिंपल्स है तो आप थोड़े से शहर को डायरेक्ट मुंह पर लगा सकते हैं और 10 मिनट के बाद इसे गुनगुने पानी से धो सकते हैं। इससे पिंपल संबंधित सारी परेशानियां दूर होगी। शहद का उपयोग करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।

# अगर फ्रिज से बदबू आती है, तो आजमाएं ये टिप्स



फ्रिज से बहुत बदबू आने लगती है। ज्यादातर समय जब आप फ्रिज का गेट खोलते हैं तो आप फ्रिज से दूर भागते हैं क्योंकि वहां बहुत बदबू आती है। कई दिनों तक फ्रिज में रहने के बाद भी चीजें सड़ने लगती हैं और वे अन्य चीजों की सुगंध के साथ मिलकर बदबू फैलाती हैं। अक्सर कुछ खाद्य पदार्थों को खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे फ्रिज से बदबू भी आ सकती है। लेकिन कुछ बदलाव करके इस समस्या से बचा जा सकता है। तो ऐसी स्थिति में क्या करें?

सोडा को फ्रिज में रखें

अगर फ्रिज से लगातार बदबू आ रही है, तो बेकिंग सोडा लें और एक बाउल में रखें। कोई गंध नहीं होगी।

2. पुदीना का अर्क

पुदीना में गंध को कम करने की क्षमता होती है। ऐसे में आप पुदीने को या तो किसी बर्तन में फ्रिज में रख सकते हैं या फिर इसके अर्क का इस्तेमाल फ्रिज की सफाई करते समय कर सकते हैं। इसी तरह संतरे का अर्क भी होता है। इसका उपयोग भी किया जा सकता है।

कॉफी बीन्स

कॉफी बीन्स बहुत मजबूत होती हैं। बीन्स को आप प्याले में निकाल कर फ्रिज में रख सकते हैं, इससे आपके फ्रिज से आने वाली बदबू दूर हो जाएगी। और फ्रिज में बस कॉफी की महक आ जाएगी।

4. फ्रिज में कागज

अगर आप बदबू से परेशान हैं तो कागज के एक बंडल को फ्रिज में रख दें। अखबार की गंध आसानी से अवशोषित हो जाती है।

नींबू

जी हां, नींबू का इस्तेमाल दुर्गंध को दूर करने के लिए भी किया जाता है। नींबू की खट्टी महक फ्रिज से आने वाली दुर्गंध को आसानी से दूर करने में मदद करती है। नींबू को आधा काट कर फ्रिज में रख दें।

# रफ्तार के नए सौदागर मयंक यादव

मनोज चतुर्वेदी

क्रिकेट में पेस गेंदबाजी की बात है तो पिछले एक दशक में भारत ने इस क्षेत्र में खासी तरक्की की है। ईशांत शर्मा के बाद से शुरू हुए सिलसिले ने जसप्रीत बुमराह की सफलताओं के बाद इस क्षेत्र में खासी तरक्की देखी गई है।

दो-तीन साल पहले उमरान मलिक के आईपीएल में सबसे तेज गेंद 153 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार निकालने के बाद अब इस साल लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए पदार्पण करने वाले मयंक यादव ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 155.8 किमी. की रफ्तार निकालकर इस सत्र में अब तक के सबसे तेज गेंदबाज होने का गौरव हासिल कर लिया है।

मयंक ने इस मैच में लगातार 150 किमी. से ऊपर की रफ्तार निकालकर लखनऊ को मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 27 रन देकी तीन विकेट लिए। उनकी गति के बारे में हारने वाली टीम के कप्तान शिखर धवन ने कहा कि मयंक की गति ने हमें सरप्राइज कर दिया।

हम सभी जानते हैं कि कुछ सालों पहले तक पेस गेंदबाजी की चर्चा होती थी, तो ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज के गेंदबाजों की ही चर्चा हुआ करती थी, लेकिन बुमराह के आने के बाद से भारत भी इस क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल करता रहा है। इससे प्रेरणा पाकर तमाम युवा इस क्षेत्र में सामने आ रहे हैं। पर हमें इन युवाओं के ग्रेजुएशन की व्यवस्था और बेहतर करने की जरूरत है। आईपीएल के माध्यम से ही दो-तीन साल पहले उमरान मलिक निकले थे।

जम्मू-कश्मीर का यह पेस गेंदबाज अब तक भारतीय टीम का नियमित सदस्य नहीं बन सका है। अब मयंक यादव की गति की चर्चा तो हो रही है। पर जरूरत इन गेंदबाजों को भारतीय टीम तक पहुंचाने की है। अगर यह गेंदबाज खेलेंगे तो 150 किमी. से ज्यादा की गति निकालने वाले गेंदबाजों की लाइन लग सकती है। मयंक यादव इस बार के घरेलू सीजन की शुरुआत से ही बीसीसीआई चयनकर्ताओं के राडार पर आ गए हैं।

असल में देवधर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन ने उन्हें सुर्खियां दिलाई हैं। उन्होंने देवधर ट्रॉफी में 12 विकेट निकाले और संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज के दौरान उन्हें विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल को गेंदबाजी करने के लिए बुलाया गया था। यह सभी बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी से प्रभावित भी हुए, लेकिन इसी दौरान पसली में फ्रेक्चर होने से वह रणजी सीजन में नहीं खेल सके। एलएसजी के सहायक कोच विजय दहिया की निगाह मयंक पर पड़ी और उन्होंने तत्काल गौतम गंभीर से बात करके उन्हें 2022 की नीलामी में 20 लाख रुपए में खरीद लिया।

पर वह चोटिल होने की वजह से 2023 के आईपीएल सीजन में नहीं खेल सके, लेकिन अब वह एक ही प्रदर्शन से सभी की आंखों का तारा बन गए हैं। मयंक के पिता प्रभु यादव बताते हैं कि वह बचपन से ही उसे वेस्टइंडीज के पेस गेंदबाज कर्टली एम्ब्रोस की कहानियां सुनाते थे कि उसकी गेंदबाजी की गति से विरोधी बल्लेबाजों के मन में डर बना रहता था। वह कहते हैं कि मैं उससे इसी तरह का गेंदबाज बनने के लिए कहता था। मयंक को गेंदबाजी में तेजी इसलिए भी भाती थी कि वह बचपन से ही एयरो प्लेन, सुपर बाइक जैसी तेज चीजों को पसंद करते थे। मयंक के 14 साल का होने पर वह उसे तारक सिन्हा संचालित सोनेट क्लब ले गए। वहां कोच देवेंद्र शर्मा ने उनके कॅरियर को शेप देने में अहम भूमिका निभाई। यह कहा जा रहा है कि पिता बचपन से ही चाहते थे कि उनका बेटा भी सचिन तेंदुलकर की तरह क्रिकेटर बने, जिससे उनका नाम भी दुनिया में फैल सके।

मयंक को बचपन से ही क्रिकेट का शौक था। वह स्कूल से लौटते ही गली में साथी बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगते। इसके बाद वह स्कूल की टीम से खेलने लगे। वह जब 14 साल की उम्र में सोनेट क्लब में शामिल हुए तो उनके कॅरियर को सही दिशा मिली। कोच शर्मा बताते हैं कि वह जब क्लब में ट्रायल में भाग लेने आया था, तब उसके पास सही स्पाइक्स भी नहीं थे। पर उसमें ट्रायल में भाग लेने वाले अन्य गेंदबाजों से तेजी ज्यादा थी। वह कहते हैं कि वह बहुत ही सामान्य लड़का है।

2021-22 के सत्र में जब पहली बार उसे विजय हजारे ट्रॉफी के लिए दिल्ली टीम में चुना गया, तो उसने क्लब में सभी सदस्यों को मिठाई खिलाई। वह याद करते हुए बताते हैं कि विजय हजारे ट्रॉफी के मैच में उसे आखिरी ओवर में तीन रन बचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई और उसने दिल्ली को जिता दिया था। मयंक ने आईपीएल का पहला मैच खेलने के बाद कहा था कि मेरा पहला विकेट ही मेरे लिए सबसे महत्तवपूर्ण है। मयंक के प्रदर्शन पर पूर्व टेस्ट क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा कि जिस तरह शोएब अख्तर का नाम उनके शहर की मशहूर ट्रेन 'रावलपिंडी एक्सप्रेस' रखा गया, उसी तरह मयंक दिल्ली से आता है तो उसका नाम 'राजधानी एक्सप्रेस' रखना चाहिए।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन


# गर्मियों में स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए केवल मॉइश्चराइजर नहीं होगा काफी



गर्मी आ गई है और साथ ही त्वचा की देखभाल को प्राथमिकता देने का भी समय आ गया है। खासकर, इस मौसम के साथ आने वाली ड्राइनेस को देखते हुए, केवल मॉइश्चराइजर लगाना काफी नहीं होगा। अधिक धूप हमारे शरीर को डिहाइड्रेट कर सकती है और ड्राई स्किन को बढ़ा दे सकती हैं। खासकर अगर त्वचा पर बहुत कठोर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया गया तो। इसलिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस गर्मी में आप अपनी त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए क्या कर सकते हैं।

गर्मी में स्किन का कैसे रखें ख्याल-

क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम)- सीटीएम का पालन करके शुरुआत करें, जिसमें आपकी त्वचा को एक उपयुक्त क्लींजर से साफ करना, उसके बाद टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग करना शामिल है।

एलोवेरा जेल- स्टोर से खरीदे गए एलोवेरा जेल के बजाय घर पर बने एलोवेरा जेल को चुनें। धूप के संपर्क में आने से हुए काले धब्बों को हटाने और अपनी त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए इसे चेहरे और गर्दन पर अच्छी तरह से लगाएं।

विटामिन वाले फूड्स- विटामिन सी और ई से भरपूर फूड आइटम्स खाएं, जैसे तरबूज, खीरे और गाजर को अपनी डाइट में शामिल करें। ये एंटीऑक्सीडेंट त्वचा की मरम्मत में सहायता करते हैं और हानिकारक सूरज की किरणों से बचाते हैं।

हाइड्रेटेड रहें- प्रतिदिन कम से कम दो लीटर पानी पीकर खुद को पर्याप्त मात्रा में हाइड्रेट करें। कैफीन और अल्कोहल का सेवन सीमित करें, क्योंकि वे बॉडी को डिहाइड्रेट करते हैं।



ग्लिसरीन- त्वचा को साफ करने के लिए रोजाना ग्लिसरीन का इस्तेमाल करें, क्योंकि यह डैमेज्ड स्किन सेल्स को रिपेयर करता है और पूरे दिन नमी बनाए रखता है।

होठों की सुरक्षा करें- गर्मियों में यूवी किरणों से होने वाले नुकसान से बचने के लिए एसपीएफ 15 या इससे अधिक वाला लिप बाम लगाएं।

नारियल तेल- हेल्दी ग्लो बनाए रखने के लिए नहाने से पहले अपने चेहरे पर नारियल तेल से मालिश करें।

मुलायम तौलिये का इस्तेमाल करें- त्वचा को जलन और ड्राइनेस से बचाने के लिए मुलायम, साफ सूती तौलिये का इस्तेमाल करें।

नेचुरल साबुन का इस्तेमाल करें- सुगंधित साबुन से बचें, जो त्वचा में जलन पैदा कर सकते हैं और ड्राईनेस पैदा कर सकते हैं। इसके बजाय, नेचुरल साबुन या शावर जेल को चुनें।

सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें- हानिकारक यूवी किरणों से बचाव और त्वचा के रूखेपन को रोकने के लिए बाहर जाने से पहले नियमित रूप से सनस्क्रीन जरूर लगाएं।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -129

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 128 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

# करीना, तब्बू और कृति सेनन स्टारर क्रू की दुनियाभर में बजा डंका

सिनेमाघरों में फिल्म रिलीज होने के बाद उसका भविष्य दर्शकों के हाथ में होता है। दर्शक किसी फिल्म की कहानी और स्टारकास्ट के आधार पर उसे देखने का फैसला करते हैं। फिल्म देखने जाते वक्त दर्शक अक्सर लीड हीरो के बारे में जानते हैं। हीरोइनों की फिल्म के मामले में अब तक दर्शकों का मुंह फेर लेने वाला रवैया ही दिखाई दिया है। लेकिन, साल 2०24 में मानो यह रवैया बदल गया हो। फिल्म क्रू की कमाई इसकी गवाह है। तीन हीरोइनों-तब्बू, करीना और कृति वाली यह फिल्म भारतीय दर्शकों के बीच खूब पसंद की जा रही है। देश के अलावा विदेशों में भी क्रू ने कमाल कर दिया है।

29 मार्च 2०24 को सिनेमाघरों में सजी क्रू ने पहले दिन बंपर ओपनिंग ली। गुड फ्राइडे की छुट्टी का फायदा कहें या फिल्म का दर्शकों के बीच क्रेज, ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ क्रू ने उड़ान भरी। दूसरे और तीसरे दिन वीकएंड पर भी इसके कलेक्शन में अच्छा इजाफा देखा गया। क्रू ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन 9.75 करोड़ और तीसरे दिन 1०.5 करोड़ रुपये कमाए। चौथे दिन मंडे टेस्ट भी क्रू ने पास किया। पहले सोमवार इसकी कमाई 4.2 करोड़ रुपये रही। भारतीय दर्शकों के बीच चर्चा बटोर रही यह फिल्म विदेशों में भी खूब दर्शक खींच रही है। पहले ही दिन इसने वर्ल्डवाइड 2०.०7 करोड़ रुपये का कारोबार कर रिकॉर्ड बना डाला था।

फीमेल लीड हिंदी फिल्म का यह ओपनिंग डे पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाला रिकॉर्ड है। फिल्म का करिश्मा अभी जारी है। दूसरे दिन क्रू ने वर्ल्डवाइड 21.०6 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे दिन 21.4० करोड़ रुपये का वर्ल्डवाइड कलेक्शन हुआ। अब चौथे दिन के परिणाम भी आ गए हैं। पहले सोमवार को भी क्रू की मजबूत पकड़ बरकरार रही।

आंकड़ों के मुताबिक चौथे दिन सोमवार को फिल्म ने 8.2० करोड़ रुपये का वर्ल्डवाइड कारोबार किया। इसी के साथ चार दिनों में इस फिल्म का वर्ल्डवाइड कारोबार 7०.73 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वहीं घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कारोबार 33.7 करोड़ रुपये हो चुका है।

# सेजल जयसवाल फैशन डिजाइनर की भूमिका निभाने टीवी शो कृष्णा मोहिनी के कलाकारों में हुई शामिल

ये दिल मांगे मोर और डेटिंग इन द डार्क जैसे शो में काम कर चुकीं अभिनेत्री सेजल जायसवाल, देबत्तमा साहा और फहमान खान अभिनीत आगामी टीवी शो कृष्णा मोहिनी के कलाकारों में शामिल हो गई हैं।

खबर की पुष्टि करते हुए सेजल ने कहा, हां, मैं शो का हिस्सा हूं, लेकिन अभी ज्यादा जानकारी नहीं दे सकती। मैं छह महीने बाद टीवी पर वापसी करने के लिए उत्साहित हूं। मैं पलकों की छांव में 2 के आखिरी पार्ट में था। जिसके बाद मैं एक वेब सीरीज क्राइम्स आज कल की शूटिंग कर रहा था। इस बीच, मैं संगीत वीडियो और कुछ विज्ञापनों पर भी सहयोग कर रहा हूं। मैं इस टीवी शो से जुड़ेर खुश हूं। शो से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, सेजल शो में एक फैशन डिजाइनर की भूमिका निभाती नजर आएंगी। वह बेहद खूबसूरत, युवा और सुंदर हैं।

सूत्र ने कहा कि उनकी प्रमुख भूमिका है यह एक मजबूत किरदार है, जो शो में अभिषेक सोनी की पत्नी फहमान की छोटी बहन बनती है। यह एक सकारात्मक और प्रमुख भूमिका है।

# उर्वशी रौतेला की जेएनयू की रिलीज तारीख टली, नया पोस्टर भी आया सामने

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जेएनयू को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। इस फिल्म के जरिए वह लंबे समय बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैंदिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री रश्मि देसाई भी फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म में सिद्धार्थ बोडके, पीयूष मिश्रा, सोनाली सहगल और विजय राज जैसे कलाकार भी शामिल हैं। अब जेएनयू के लिए आपको लंबा इंतजार करना होगा। दरअसल, निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख को टाल दिया है।

जेएनयू पहले 5 अप्रैल, 2०24 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी। फिलहाल निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख को टाल दिया है। नई तारीख का ऐलान जल्द होगा। जेएनयू के निर्देशन की कमान विनय शर्मा ने संभाली है तो वहीं प्रतिमा दत्ता फिल्म की निर्माता हैंइस फिल्म में पीयूष मिश्रा, विजय राज, अतुल पांडे और सोनाली सेगल जैसे सितारे भी अभिनय करते दिखाई देंगे। जेएनयू का नया पोस्टर भी सामने आ चुका है।

विनाय शर्मा द्वारा निर्देशित और प्रतिमा दत्ता द्वारा निर्मित, फिल्म जेएनयू काफी समय से सुर्खियों में है। फिल्म की कहानी और कलाकारों की स्टारकास्ट को लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता बनी हुई है। हालांकि, रिलीज टलने से फैंस को थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। उम्मीद की जाती है कि मेकर्स जल्द ही फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर देंगे।

# स्टाइलिश आउटफिट पहन पूनम पांडे ने बिखेरा जलवा



इन दिनों सोशल मीडिया पर हर तरफ पूनम पांडे की ही चर्चा है। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो बेहद खूबसूरत और हॉट लग रही हैं। इन तस्वीरों में पूनम पांडे ने हरे रंग का स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जो उनके ऊपर काफी जंच रहा है। उन्होंने अपने बाल खुले रखे हैं और लाइट मेकअप किया हुआ है। तस्वीरों में पूनम अलग-अलग पोज दे रही हैं और उनका ये अंदाज उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

इस तस्वीर में पूनम पांडे किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। पूनम पांडे की इस अदा पर फैंस फिदा हो गए।

अपनी बोल्ड अदाओं से लोगों को अपनी ओर अट्रेक्ट करने वाली एक्ट्रेस पूनम पांडे इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने हुस्न के जलवे बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। इससे पहले भी एक्ट्रेस ने अपनी तस्वीरों से बोल्डनेस की सारी हदे पार कर रखी हैं। हालांकि इस बार भी पूनम पांडे का ये लुक हद से ज्यादा स्टाइलिश नजर आ रहा है।

इन तस्वीरों पर कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स आ चुके हैं और कमेंट सेक्शन में फैंस उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, आप किसी परी से कम नहीं लग रही हैं, तो वहीं दूसरे फैन ने कमेंट किया, आपका ये स्टाइलिश लुक कमाल का है।

# दिशा पाटनी की हॉटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान



अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस के लिए मशहूर एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। दिशा पाटनी ने इंस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाने के लिए काफी हैं। दिशा पाटनी ने पिंक कलर का सेक्सी आउटफिट पहना है। ग्लोइंग मेकअप के साथ बालों को खास अंदाज में संवारा है। मैंचिंग ईयररिंग्स उनपर काफी जच रहे हैं और कैसरे के सामने सेक्सी पोज दे रही हैं। तस्वीरें देखते ही फैंस दीवाने हो गए हैं और एक्ट्रेस की हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों मे दिशा पाटनी बेहद हॉट लग रही हैं।

फैंस सोशल मीडिया पर कमेंट सेक्शन में उनके इस कातिलाना लुक की तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने लिखा- दिशा आपका लुक कमाल है। वहीं दूसरे यूजर ने एक्ट्रेस से पूछा उनकी नई फिल्म कब आने वाली है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर मात्र कुछ घंटों में लाखों लाइक्ट और कमेंट्स की बौछार हो चुकी है। हाल ही में एक्ट्रेस की फिल्म योद्धा बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा अच्छी कमाई नहीं कर पाई थी। फैंस को इस फिल्म में दिशा की एक्टिंग खूब पसंद आई थी।

बता दें, दिशा पटानी ने साल 2०15 में आई तेलुगू फिल्म लोफर से अपने एक्टिंग करने की शुरुआत की थी। बॉलीवुड में दिशा पहली बार साल 2०16 में आई फिल्म एम एस धोनी- एन अटोल्ड स्टोरी में नजर आईं। इसके बाद दिशा ने एक विलेन रिटर्न्स, मलंग, राधे। योद्धा और बागी 2 जैसी फिल्मों में नजर आई हैं।

# स्लम बस्तियां : क्या बदल सकेगी किस्मत

अमित बैजनाथ गर्ग

अदानी ग्रुप को एशिया की सबसे बड़ी स्लम बस्ती मुंबई की धारावी के रि-डवलपमेंट की अनुमति मिलने के बाद स्लम बस्तियां फिर चर्चा में आ गई हैं। असल में स्लम बस्तियां भारत ही नहीं, बल्कि समूची दुनिया के लिए समस्या बनी हुई हैं। दुनिया की एक चौथाई शहरी आबादी स्लम बस्तियों में रहती है। आने वाले 10 वर्षों में भारत की 50 प्रतिशत आबादी नगरों में रहने लगेगी। देश की वर्तमान आबादी का 28 प्रतिशत हिस्सा शहरों में रहता है। शहरी आबादी में होने वाली बेतहाशा वृद्धि का सीधा प्रभाव आवासन पर पड़ेगा जिससे आने वाले वर्षों में मलिन बस्तियों में रहने वाली आबादी में तीव्र वृद्धि होगी।

एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 2,613 शहरों में स्लम एरिया हैं, जहां बहुत बड़ी आबादी इन बस्तियों में रहती है। इनमें से 57 फीसद तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र से आती है। दिल्ली दुनिया का छठा सबसे बड़ा महानगर है। इसके बावजूद यहां एक तिहाई आवास स्लम क्षेत्र के हिस्से हैं। इस हिस्से में कोई बुनियादी संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। हाल में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश में हर छठा शहरी नागरिक स्लम बस्तियों में रहने के लिए मजबूर है।

आंकड़े बताते हैं कि जहां आंध्र प्रदेश में हर तीसरा शहरी परिवार मलिन बस्तियों में रहता है, वहीं ओडिशा में हर 10 घर में से नौ में जल निकासी की सुविधा नहीं है। शहरों की चकाचौंध दुनिया का हिस्सा होने के बावजूद इन बस्तियों में रहने वाले लोग आज भी अंधेरे में हैं। गंदी बस्तियों में रहने वाले विकसित समाज, राजनीतिक गलियारों और प्रशासन की बेरुखी के शिकार हैं। असल में स्लम क्षेत्र का आशय सार्वजनिक भूमि पर अवैध शहरी बस्तियों से है। आम तौर पर यह एक निश्चित अवधि के दौरान निरंतर एवं अनियमित तरीके से विकसित होता है। स्लम को शहरीकरण का अभिन्न अंग माना जाता है और शहरी क्षेत्र में समग्र सामाजिक-आर्थिक नीतियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के रूप में देखा जाता है।

स्लम एरिया में साक्षरता दर कम है। हालांकि धारावी में साक्षरता दर 69 प्रतिशत है। आंध्र प्रदेश में शहरी आबादी का 36.1 प्रतिशत हिस्सा मलिन बस्तियों में रहता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ओडिशा की मलिन बस्तियों में रहने वाले 64.1 प्रतिशत घरों में अब तक पीने का स्वच्छ पानी नहीं पहुंच पाया है। इन बस्तियों के 90 प्रतिशत घरों से जल निकासी का कोई प्रबंध नहीं है।

नेशनल सर्विस स्कीम राउंड के सर्वेक्षण के अनुसार, देश की 81 प्रतिशत आबादी अनौपचारिक क्षेत्र में कार्य करती है। कोविड लॉकडाउन के लागू होने से झुग्गी-झोपडियों में रहने वालों की आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुई थी। इस दौरान दिल्ली में भारी संख्या में रिवर्स माइग्रेशन देखा गया जब हजारों प्रवासी कामगार अपने गृह नगर वापस चले गए। इस दौरान कोई 70 प्रतिशत स्लम निवासी बेरोजगार हो गए, 10 प्रतिशत की मजदूरी में कटौती हुई और आठ प्रतिशत पर इसके अन्य प्रभाव देखे गए।

इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एन्वायरनमेंट एंड पॉल्यूशन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, स्लम बस्तियों से होने वाले प्रदूषण के कारण एशिया में मौसम के पैटर्न में बदलाव आ रहा है। एक ओर हवा की रफ्तार में वृद्धि हो रही है, तो दूसरी ओर बारिश में भी कमी आ रही है। क्लाइमेट मॉडल्स इस बात के संकेत दे चुके हैं कि स्थानीय स्तर पर प्रदूषण चक्रवाती तूफान बनने और उनके बढ़ाव को प्रभावित कर सकता है।

भारत के पूर्वी तट पर कई बड़े शहर हैं, जो नियमित रूप से हर वर्ष अक्टूबर-दिसम्बर के बीच इन तूफानों से प्रभावित होते हैं। इन शहरों की झुग्गी-बस्तियों में लाखों लोग खाना पकाने के लिए ईंधन के रूप में लकड़ी का उपयोग करते हैं, जिससे बड़ी मात्रा में बायोमास कण उत्पन्न होते हैं, जो हवा में मिल जाते हैं। ये प्रदूषित कण, जो काफी समय तक रासायनिक रूप से शहरों में वायु के भीतर रहते हैं, बादलों में क्लाउड कंडेनसेशन न्यूक्लियर की प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं।

असल में सरकारी योजनाओं के लाभ अभीष्ट लाभार्थियों के छोटे से हिस्से तक ही पहुंच पाते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि इन बस्तियों को सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर मान्यता नहीं दी जाती। उचित सामाजिक सुरक्षा उपायों का अभाव भी देखा गया है और यहां निवासियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता पर प्रभाव पड़ा है। इस प्रकार शहरी नियोजन और प्रभावी शासन के लिए नया दृष्टिकोण समय की आवश्यकता है। टिकाऊ, मजबूत और समावेशी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई करना जरूरी है। स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए हमें ऊपर से नीचे के दृष्टिकोण को अपनाने की जरूरत है। स्लम बस्तियों की समस्याओं के समाधान के लिए सभी को मिल कर काम करना होगा वरना हालात को बदला नहीं जा सकेगा।

# आरबीआई की एमपीसी बैठक और यथास्थिति से परे

भारतीय रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 2024-25 की पहली बैठक अनुकूल आर्थिक माहौल में होने जा रही है। सोमवार को जारी किए गए आंकड़े दर्शाते हैं कि मार्च में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह, रिफंड के बिना सालाना आधार पर 18.4 फीसदी बढ़ा। वर्ष का अंत जीएसटी संग्रह में 13.4 फीसदी इजाफे के साथ हुआ। समग्र कर संग्रह के ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देखें तो सरकार राजकोषीय घाटे को 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद के 5.8 फीसदी तक रखने के संशोधित आंकड़े को हासिल कर लेगी। सरकार ने मध्यम अवधि में राजकोषीय मार्ग पर टिके रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है जिससे रिजर्व बैंक को आश्वस्ति मिलनी चाहिए। अधिक व्यापक तौर पर देखें तो अब सरकार को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में वृद्धि दर 8 फीसदी रहेगी जो 2023-24 की पूरे वर्ष की 8 फीसदी की वृद्धि को बल देगी। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भी हालात में सुधार हो रहा है। हेडलाइन खुदरा मुद्रास्फीति अभी भी 5 फीसदी के स्तर से कुछ ऊपर है, कोर मुद्रास्फीति 4 फीसदी के लक्ष्य से कम है जिससे केंद्रीय बैंक को राहत मिलनी चाहिए। मौद्रिक नीति समिति के ताजा अनुमानों के मुताबिक हेडलाइन मुद्रास्फीति की दर चालू वित्त वर्ष में औसतन 4.5 फीसदी रह सकती है। कोर मुद्रास्फीति जहां चार फीसदी से नीचे हैं, वहीं हेडलाइन दर को लक्ष्य से ऊपर रखने में खाद्य मुद्रास्फीति का बहुत अधिक योगदान है। फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति 8.66 फीसदी थी। ध्यान देने की बात है कि खाद्य मुद्रास्फीति ऊपरी स्तर पर है और ऐसा सरकार के सक्रिय हस्तक्षेप के बावजूद है। केंद्र सरकार ने कई खाद्य वस्तुओं के निर्यात और भंडारण सीमा पर अंकुश लगाया है। उदाहरण के लिए गत सप्ताह सरकार ने कारोबारियों, खाद्य प्रसंस्करण करने वालों तथा प्रमुख खुदरा कारोबारियों से कहा कि वे हर शुक्रवार को गेहूं के अपने भंडार की जानकारी दें क्योंकि 31 मार्च को स्टॉक होल्डिंग सीमा समाप्त हो गई। व्यापार और स्टॉक होल्डिंग पर प्रतिबंध अल्पावधि में मुद्रास्फीति को सीमित रखने में मदद कर सकते हैं लेकिन यह रुख उत्पादन तथा दीर्घावधि में अनाज की उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है। बहरहाल अगर मुद्रास्फीति की दर एमपीसी के अनुमान के अनुसार बढ़ती है और चालू वित्त वर्ष में औसतन 4.5 फीसदी रहती है तो वास्तविक नीतिगत रीपो दर दो फीसदी होगी जिसे ऊंचा माना जा सकता है और यह वृद्धि को प्रभावित कर सकती है। जैसा कि मौद्रिक नीति समिति के एक सदस्य जयंत आर वर्मा ने पिछली बैठक में कहा था, 'दो फीसदी की वास्तविक ब्याज दर से यह जोखिम पैदा होता है कि वृद्धि को लेकर निराशा का भाव कहीं सही साबित न हो जाए।' ऐसे में क्या मौद्रिक नीति समिति को नीतिगत दरों में कटौती पर विचार करना चाहिए? जैसा कि अधिकांश बाजार प्रतिभागियों का अनुमान है, इस मुकाम पर यथास्थिति बरकरार रखना समझदारी भरा होगा और इसकी कम से कम तीन मजबूत वजह हैं। पहला, देश में आम चुनाव हो रहे हैं और ऐसे में प्रतीक्षा करना उचित होगा। दूसरा, कोर मुद्रास्फीति जहां सहज स्तर पर है, वहीं हेडलाइन दर खाद्य महंगाई के कारण लक्ष्य से काफी ऊपर है और वह अस्थिरता ला सकती है। तीसरा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने संकेत दिया है कि वह इस वर्ष नीतिगत दरों में कटौती करेगा लेकिन यह देखना होगा कि आने वाले महीनों में हालात कैसे बनते हैं। यह बात बाहरी स्थिरता के नजरिये से भी महत्त्वपूर्ण है जिसमें हाल के दिनों में उल्लेखनीय मजबूती आई है। कुल मिलाकर चूंकि फिलहाल वृद्धि को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है इसलिए मौद्रिक नीति समिति प्रतीक्षा कर सकती है और अपस्फीति की प्रक्रिया को पूरा होने दे सकती है।(आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.129

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.128 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# राज्यपालों की ओर से विधेयकों को रोके जाने की आलोचना

राज्यपालों की ओर से विधेयकों को रोके जाने की आलोचना करते हुए सर्वोच्च अदालत की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा उनका काम उन पर फैसला लेना है। यह शर्म की बात है कि अदालत को राज्यपालों को उनकी ड्यूटी याद दिलानी पड़े।

हैदराबाद में हुए कार्यक्रम में उन्होंने महाराष्ट्र व पंजाब के फैसलो का भी जिक्र किया। कहा कि सवाल यह था कि क्या राज्यपाल के पास फ्लोर टेस्ट कराने का कोई ठोस सबूत थे कि मौजूदा सरकार विधायकों का विास खो चुकी है।

राज्यपालों को अदालतों में खींचने को भी उन्होंने संविधान के तहत स्वस्थ प्रवृत्ति नहीं कहा। नोटबंदी के फैसले का भी उन्होंने विरोध किया और काला धन जमा करने वालों को हुए फायदे व आम लोगों को हुई परेशानी पर भी बोलीं।

हालांकि जस्टिस उन पांच जजों वाली पीठ के हिस्सा थीं, जिसने सरकार के इस फैसले में असहमति जताई थी कि यह जल्दबाजी में लागू किया गया। उनका यह कहना था कि इससे सिर्फ कानून तोडने वालों को ही फायदा हुआ, जिन्होंने अपना काला धन सफेद बना लिया।

सरकार पर इस तरह के आरोप विपक्ष द्वारा भी लगाए जाते रहे हैं। यह सच है कि नोटबंदी के दौर को याद कर आम लोगों के अभी भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। राज्यपाल संवैधानिक पद है, जिसकी गरिमा का ख्याल रखा जाना चाहिए। लंबे समय से देखने में आ रहा है कि राज्य सरकारों और राज्यपाल के दरम्यान सामंजस्य नहीं बन पाता।

खासकर जहां-जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहां राज्यपाल केंद्र की शह पर अड़चनें खड़ी करते हैं, जिससे सरकारों को अदालत का रुख करने को मजबूर होना पड़ता है।

इस विवाद का निपटारा सत्ताधारी दल को संवैधानिक तौर पर करने की पहल करनी चाहिए। गौरतलब है जस्टिस नागरत्ना अपने कड़े फैसलों के लिए जानी जाती हैं और 2027 में उनके पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की संभावना है। ऐसे में उनके किसी भी नजरिये या तल्ख टिप्पणी की उपेक्षा की जानी उचित नहीं कही जा सकती। ये विचार उनके नितांत निजी हो सकते हैं मगर इनसे असहमति नहीं रखी जा सकती। किसी भी सरकार के सौ फीसद फैसले सही नहीं ठहराये जा सकते, थोड़ी-बहुत ऊंच-नीच से मुकरा नहीं जा सकता। तब भी जबकि नोटबंदी के फैसले पर अब तक कुछ भी निश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता।(आरएनएस)

# मनोज बाजपेयी की फिल्म साइलेंस 2- द नाइट आउल बार शूटआउट का ट्रेलर रिलीज

मनोज बाजपेयी की सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म साइलेंस 2- द नाइट आउल बार शूटआउट का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. जिसमें एक्टर एक बार फिर एसीपी अविनाश वर्मा के किरदार में नजर आ रहे हैं. इसलिए फिल्म देखने के लिए फैंस का एक्साइटमेंट लेवल हाई हो गया है. खबरों के अनुसार मनोज बाजपेयी की ये फिल्म रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड है. जिसमें उनके साथ कई दिग्गज एक्टर नजर आएंगे. वहीं एक्ट्रेस प्राची देसाई भी इसमें अहम रोल निभा रही हैं.

साइलेंस 2- द नाइट आउल बार शूटआउट के ट्रेलर की शुरुआत एक शूटआउट से होती है. जिसकी जांच के लिए मनोज बाजपेयी लोकेशन पर पहुंचते हैं और फिर धीरे-धीरे फिल्म का कहानी आगे बढ़ती है. फिल्म में एक्शन और सस्पेंस के साथ मनोज बाजपेयी ने अपनी दमदार डॉयलॉग डिलीवरी से चार चांद लगाए हैं. वहीं प्राची देसाई भी पुलिस ऑफिसर के रोल में काफी जच रही हैं.

इस ट्रेलर का सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, घड़ी टिक-टिक कर रही है, तनाव बढ़ रहा है. शहर में अराजकता है और एक हत्यारा खुलेआम घूम रहा है.



# बॉबी पंवार के समर्थन में युवाओं ने निकाली दुपहिया वाहन रैली

संवाददाता

देहरादून। टिहरी से निर्दलीय लोकसभा प्रत्याशी बॉबी पंवार के समर्थन में युवाओं ने दुपहिया वाहन रैली निकालकर लोगों से बॉबी पंवार के पक्ष में वोट मांगे। आज यहां काफी संख्या में युवा परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए। जहां से उन्होंने बैनर पोस्टरों के साथ टिहरी लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार के समर्थन में दुपहिया वाहन रैली निकाली। रैली परेड ग्राउंड से चूना भटटा होते हुए सहस्त्रधारा रोड, आईटी पार्क चौक, कैनाल रोड होत हुए कनक चौक, दिलाराम बाजार से ओरियन्ट चौक, गांधी पार्क होते हुए घंटाघर पहुंची। जहां पर युवाओं ने बॉबी पंवार जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए बॉबी पंवार के पक्ष में लोगों से मतदान करने को कहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन को यातायात सुचारू करने में दिक्कत आयी। घंटाघर से दुपहिया रैली किशन नगर वाया चकराता रोड, ओएनजीसी चौक, कौलागढ, बल्लूपुर वाया जीएमएस रोड, कांवली चौक, मलिक चौक, बसंत विहार चौक, एफआरआई मेन गेट से पण्डितवाडी से प्रेमनगर चुगी प्वाइंट वाया रांगडवाला, सेलाकुई, सहसपुर, हरबंटपुर होते हुए विकासनगर डाकपत्थर में होने वाली जनसभा में समाप्त हुई। इस दौरान बॉबी पंवार जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए बॉबी पंवार के समर्थन में मतदान करने की अपील की।

# विक्रम चालक पर अभद्रता व अश्लील हरकत करने का मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। विक्रम चालक पर अभद्रता व अश्लील हरकत करने का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह रोजगार तिहारे तक विक्रम में आयी थी। जब वह रोजगार तिराहे पर पहुंची तो विक्रम चालक के द्वारा उसके साथ लज्जा भंग करने की नीयत से बदतमीजी की गयी तथा उसकी लज्जा भंग करने व अश्लील हरकतें की गयी। उसने किसी तरह से अपने आपको उसके चंगुल से बचाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मन्दिर का ताला तोड छत्र, घण्टा, मूर्ति व सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मन्दिर का ताला तोड वहां से छत्र, घण्टा, मूर्ति व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चन्दर नगर निवासी मनोज कुमार दुबे ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि झण्डा चौक स्थित शिव प्राचीन मन्दिर का चोरों ने ताला तोडकर वहां से माता का छत्र, एक पीतल का हथौडे वाला घण्टा, पीतल की घंटी, छोटी मूर्ति चोरी कर ली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कांग्रेस ने देश को कमजोर किया...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

आप ही मेरा परिवार हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोगों से मेरा परिवार का रिश्ता है।

उन्होंने कहा कि इन कांग्रेसियों का यह हाल है कि वह राम के अस्तित्व को भी नहीं मानते न गंगा के अस्तित्व को मानते हैं वह कहते हैं हर की पैड़ी पर गंगा कहां है वह तो एक नहर है। वह शक्ति का भी अपमान करते हैं कहते हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 सालों में उन्होने उत्तराखंड के विकास के लिए बहुत कुछ किया है पर्यटन व औद्योगिक विकास में उत्तराखंड तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तराखंड के लिए पलायन अब गुजरे दिनों की बात हो चुकी है। सरकार की स्टार्टअप और मुद्रा लोन योजनाओं का युवा भरपूर लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पहचान ब्रह्म कमल है। कमल खिलेगा तो भारत विकसित देश बनेगा और उत्तराखंड विकसित राज्य बनेगा। उन्होंने लोगों से मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर समर्थन का आश्वासन भी मांगा। मंच पर भाजपा के सभी प्रत्याशी इस दौरान मौजूद रहे।

# कांग्रेस की गारंटी का लाभ आम जन को मिलेगाः ओमगोपाल रावत

संवाददाता

गजा। पौडी लोकसभा प्रत्याशी गणेश गोदियाल के लिए जनसम्पर्क के दौरान पूर्व विधायक ओम गोपाल रावत ने कहा कि कांग्रेस की गारंटी का लाभ आम जन को मिलेगा।



आज यहां पौड़ी लोकसभा के नरेन्द्र नगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने पौड़ी लोकसभा प्रत्याशी गणेश गोदियाल के लिए चुनाव प्रचार एवं जन सम्पर्क किया। ग्राम माणदा, गजा, जयकोट, फलसारी, भाली पाली, बगीद चोपडया, खांड अखुड़ी, सेरा पयाल, गाँव बंडरिया, फिफल्टी, कठूड, चौडखेत, दुबाको, टिखडवाल् गाव मे जन सम्पर्क किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ओम गोपाल रावत ने कहा कि कांग्रेस की गारंटी का लाभ आम जन को मिलेगा। उन्होंने कहा कांग्रेस घर घर गांव गांव अपनी नीतियां सोच केंद्र सरकार की वादाखिलाफी को लेकर चुनावी मैदान में है। कांग्रेस नेता भास्कर गैरोला ने कहा कि वित्त मंत्री सीता रमण के पति ने कहा कि इलेक्ट्रोल बांड घोटाला विश्व का सबसे बड़ा घोटाला है। परिवारवाद की बात करने वाले भाजपा नेताओं राजनाथ सिंह, कल्याण सिंह, गोपीनाथ मुंडे, प्रेमकुमार धूमल के पुत्र अनुराग ठाकुर, सुषमा स्वराज की बेटी रागिनी क्या परिवारवाद मे नही आते। पौड़ी सांसद सदन में यहां के मुद्दे उठाने पर मौन रहे और क्षेत्र से नदारद रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी को घर घर पहुंचाएंगे। काग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने कहा कि कांग्रेस सत्ता मे आते ही अग्निवीर योजना खत्म कर पुरानी व्यवस्था लागू करेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी पहली नौकरी पक्की हर शिक्षित युवा को एक लाख की अप्रेंटिसशिप का अधिकार, भर्ती भरोसा - 30 लाख सरकारी नौकरियाँ, सभी खाली पोस्ट कैलेंडर के अनुसार भरेंगे, महालक्ष्मी हर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख, सही दाम - एमएसपी की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन फॉर्मूले वाली आदि सत्ता में आते ही लागू की जायेंगी।

इस अवसर पर पूर्व राज्य मन्त्री रमेश उनियाल, कुँवर सिंह चौहान, राजेंद्र चौहान, पूर्व प्रधान वीरेंद्र चौहान, पूर्व उप प्रधान बसंती देवी, पूर्व प्रधान टंखी सिंह नेगी, विजेंद्र सिंह राणा, भाली के प्रधान सुरेंद्र सिंह, वीर सिंह नेगी, महावीर लाल, सुरेंद्र कुमार, डुग्गा देवी, दीवान सिंह, मंगल सिंह, गेंढा सिंह, त्रिलोक सिंह सजवान, गंभीर सिंह नेगी, गोबिंद सिंह नेगी, साब सिंह नेगी, जग्गा देवी, बैसाखी देवी, उजला देवी, संगीता देवी, बुगना देवी, कुंदन सिंह खड्वाल, प्रेम सिंह चौहान, मान सिंह सजवान आदि शामिल थे।

# गैस सिलेंडर फटने से 4 घर जलकर हुए राख, मची अफरा-तफरी



हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। मोरी विकासखंड के एक गाँव में देर रात एक सिलेंडर फटने से आग लग गई। लकड़ी के मकान होने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया जिसकी चपेट में आकर तीन अन्य मकान भी जलकर खाक हो गए। हादसे से गाँव में आस-पास के अन्य मकानों को भी नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार जनपद उत्तरकाशी में मोरी ब्लॉक के नैटवाड़ गांव में बीती देर रात रसोई गैस सिलिंडर में आग लग गई। मकान लकड़ी का था जिस कारण आग तेजी से फैल गई और आस-पास के घरों तक भी पहुंच गई। बताया जा रहा है कि आग का प्रकोप इतना भयंकर था कि जिसकी चपेट में आकर चार घर जलकर राख हो गए, जबकि आठ घरों में भी भारी नुकसान हुआ है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से पुलिस ने कठिनाईयों के बावजूद आग को नियंत्रित किया। लेकिन आग बुझाते समय चार घरों का सारा सामान जलकर पूरी तरह से मिट्टी में मिल गया। जबकि आस-पास के कुछ अन्य घर भी छतिग्रस्त हुए हैं लेकिन इस घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।

# प्रधानमंत्री से मिलने ऋषिकेश जा रहे डिमरी को पुलिस ने हिरासत में लिया

संवाददाता

देहरादून। मूल निवास, भू-कानून भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ऋषिकेश में मिलने जा रहे मूल निवास भू कानून समन्वय संघर्ष समिति के संयोजक मोहन डिमरी को पुलिस ने पांच घंटे हिरासत में रखा।



आज यहां मूल निवास, भू-कानून, अंकिता भंडारी हत्याकांड और भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने जा रहे मूल निवास भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी को पुलिस ने पांच घंटे तक हिरासत में रखा। उन्हें निजी मुचलके पर छोड़ा गया। संघर्ष समिति का शिष्टमंडल ऋषिकेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तराखंड में मूल निवास, भू कानून, अंकिता हत्याकांड और भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच करवाने के लिए ज्ञापन देने जा रहे थे। इस बीच मोहित डिमरी को उत्तराखंड पुलिस सुबह हिरासत में लेकर देहरादून पुलिस लाईन ले गई और उन्हें 5 घंटे तक वहां पर हिरासत में रखा। मोहित डिमरी और समिति के साथियों को पुलिस ने ऋषिकेश जाने से रोके रखा और सुरेंद्र नेगी सहित अन्य साथियों को ऋषिकेश में नजरबंद रखा। मोहित डिमरी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी डरे हुए हैं, वह नहीं चाहते कोई प्रधानमंत्री के आगे मूल निवास, भू कानून, अंकिता हत्याकांड और भर्ती घोटालों जैसे मुद्दे उठाए। क्योंकि इससे उनकी सरकार की पोल खुल जाएगी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमें अपनी आवाज नहीं उठाने दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को लेकर लड़ाई लगातार जारी रहेगी। वहीं मोहित डिमरी की गिरफ्तारी के बाद यूकेडी राजेंद्र बिष्ट, सुनील ध्यानी, मीनाक्षी घिल्डियाल, समीर मुंडेपी, बृजमोहन सजवाण, प्रांजल नौडियाल, अनिल डोभाल, पंकज उनियाल, मनीष रावत, भोला चमोली, यतेन्द्र खंतवाल, शिवानंद लखेड़ा सहित अन्य लोग पुलिस लाइन पहुँचे। उन्होंने मोहित डिमरी की गिरफ्तारी का विरोध किया और पुलिस की कारवाई को अलोकतांत्रिक बताया।

## एक नजर

# पाकिस्तान में तीर्थयात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 17 की मौत

कराची। पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों के एक सीमावर्ती शहर के पास तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। तीर्थयात्री बलूचिस्तान के खुजदार जिले में सुदूर मुस्लिम सूफी दरगाह शाह नूरानी जा रहे थे, तभी बुधवार को हब शहर में उनकी बस खाई में गिर गई। जिस जगह पर हादसा हुआ, वह कराची से करीब 100 किलोमीटर दूर है। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने घटना पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि चालक ने एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया जिससे बस खाई में जा गिरी। सभी यात्री सिंध प्रांत के थट्टा शहर के रहने वाले थे। नकवी ने कहा, श्वाहन बुधवार को दोपहर करीब दो बजे थट्टा से निकला और बुधवार रात करीब आठ



बजे दुर्घटना का शिकार हो गया। हब में एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतकों और घायलों को कराची के सिविल अस्पताल ले जाया गया। शवों की पहचान की गई, जिनमें से कुछ एक ही परिवार के थे। खराब सड़कें, सुरक्षा जागरूकता की कमी और यातायात नियमों की घोर उपेक्षा अक्सर पाकिस्तान में घातक दुर्घटनाओं का कारण बनती है। पाकिस्तान में कम सुरक्षा उपायों, और खराब ड्राइवर प्रशिक्षण के साथ साथ परिवहन के खराब बुनियादी ढांचे के कारण कई घातक दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# मुसलमान गाय-बैल के कारोबार से बचें: मुफ्ती अब्दुल कलाम

भोपाल। मध्य प्रदेश में ईदुल फितर का त्योहार उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। प्रदेशभर की मस्जिदों में रोजेदारों ने ईद की नमाज अदा की और तकरीरें सुनी। भोपाल की ताजुल मसाजिद में मुफ्ती अब्दुल कलाम ने मुसलमानों को गाय-बैल के कारोबार से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर मुसलमानों की छवि को लेकर भी चिंता व्यक्त की। मुफ्ती अब्दुल कलाम ने



हिंदू-मुस्लिम एकता पर जोर दिया और सभी गैर मुसलमानों के साथ संबंध बनाने की सलाह दी। वह कहते हैं, ष्साथ उठें-बैठें, ताकि किसी भी तरह से हिंदू-मुस्लिम एकता पर कोई गलत प्रभाव न पड़े। मुसलमान गाय-बैल के कारोबार से बचें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर मुसलमानों की छवि को बदलना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने दुआ की कि प्रदेश और देश में तरक्की और अमन शांति बनी रहे। ताजुल मसाजिद के इतिहास के बारे में भी बताया गया। भोपाल में सबसे पहले ईदगाह में सुबह 7:15 बजे ईद की नमाज अदा हुई। यहां शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी नमाज अदा कराई। इसके बाद शहर की अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज हुई।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे रोहन गुप्ता बीजेपी में हुए शामिल

नई दिल्ली। गुजरात में कांग्रेस का टिकट ठुकराने वाले रोहन गुप्ता ने बीजेपी जॉइन कर ली है। दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े ने रोहन गुप्ता का स्वागत किया और पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके अलावा कश्मीर से डॉ. जहानजैब सिरवाल, पंजाब से पूर्व आईएएस प्रेम पाल कौर और उनके पति गुरदीप सिंह मालूका ने भी बीजेपी जॉइन की है। रोहन गुप्ता ने 18 मार्च को ऐलान किया था कि वो कांग्रेस के टिकट पर चुनाव नहीं लड़ेंगे। कांग्रेस ने रोहन को अहमदाबाद उत्तर सीट से टिकट दिया था।



रोहन ने कांग्रेस का टिकट यह कहकर ठुकरा दिया था कि उनके पिता नहीं चाहते हैं कि वो कांग्रेस से चुनाव लड़ें। पिता जी की जिद पर वो झुक गए हैं। उसके बाद 22 मार्च को कांग्रेस के संचार विभाग से जुड़े एक नेता पर लगातार अपमान और चरित्र हनन का आरोप लगाया था और कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। रोहन कांग्रेस आईटी सेल और सोशल मीडिया के हेड रहे हैं। वे राष्ट्रीय प्रवक्ता भी रहे हैं। रोहन गुप्ता ने कहा, आज बीजेपी में आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मैं देश के प्रति कुछ काम करने की भावना लेकर आया हूं। मैं राष्ट्र निर्माण के लिए दिल से काम करूंगा। मेरे पिता 40 साल से कांग्रेस में थे। मैं 15 साल से कांग्रेस में रहा। कोई लालच से पार्टी नहीं छोड़ता। बात जब स्वाभिमान की आती है तो निर्णय लेना पड़ता है। कांग्रेस में संचार विभाग के एक नेता हैं, जिनके नाम में राम हैं। लेकिन मुझसे कहते हैं कि राम मंदिर के मुद्दे पर चुप रहिए।

# अल्लाह की बारगाह में सजदा कर अता की ईद की नमाज

संवाददाता

देहरादून। अल्लाह की बारगाह में सजदा कर देश में अमन चैन की दुआ के साथ ईद की नमाज अता की गयी और एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारक बाद दी गयी।

आज इस्लामिक कैलेंडर के नौवें महीने में रमजान पूरा होने के बाद 10वें में शव्वाल की पहली तारीख को ईद-उल-फितर मनाया गया। शहर काजी मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी ने गोविन्द गढ स्थित ईदगाह में ईद की नमाज अता कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। अल्लाह के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। गत सांय से ही शहर की मस्जिदों में ईद की तैयारियां शुरू हो गयी थी।

वहीं नाएब सुन्नी शहर काजी सैयद अशरफ हुसैन कादरी ने कहा कि ईद आपसी भाईचारा, प्रेम व एकता को बढावा देने का अवसर है। घर से नमाज अता करने निकलें तो अल्लाह को याद करते जाएं। नमाज अता करने के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद




की मुबारकबाद दी। चकराता रोड स्थित ईदगाह, सुभाषनगर माजरा, बिलाल मस्जिद सिंगल मण्डी, जामा मस्जिद

**❑देश में अमन चैन की दुआ मांगी**

अजबपुर कलां, जामा मस्जिद ईसी रोड में सुबह साढे आठ बजे नमाज अता की गयी। वहीं जामा मस्जिद धामावाला, मदरसा अजबपुर कला, जामा मस्जिद कांवली, जामा मस्जिद बडा भारूवाला, जामा मस्जिद राजीव नगर, जामा मस्जिद लक्खीबाग, जामा मस्जिद मेहूंवाला माफी, जामा मस्जिद रहमानिया चोरखाला बल्लूपुर में सुबह आठ बजे नमाज अता की गयी।

ईदगाह मुस्लिम कालोनी में सुबह सवा आठ बजे नमाज अता की गयी। जामा मस्जिद पलटन बाजार, जामा मस्जिद माजरा, जामा मस्जिद आजाद कालोनी में सुबह नौ बजे नमाज अता की गयी। इसके साथ ही शहर की 53 मस्जिदों में ईद की नमाज अता की गयी। इसके बाद दिन भर ईद की मुबारकबाद देने, सेवइयां व अन्य पकवान खाने खिलाने का सिलसिला चलता रहा। ईद के अवसर पर बाजार गुलजार रहे।

# पत्थर की चपेट में आकर खाई में गिरा पोकलैंड चालक, मौत



हमारे संवाददाता

बागेश्वर। पहाड़ियों पर मार्ग निर्माण कार्य के दौरान पत्थर की चपेट में आकर पोकलैंड चालक खाई में गिर गया जिस कारण उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद उसके शव को बाहर निकाला और स्थानीय पुलिस की सुपुर्दगी में दिया। जिसकी पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही जारी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना कपकोट पुलिस द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया कि भद्रतुंगा मंदिर के पास एक पोकलैंड चालक पत्थर की चपेट में आने से गहरी खाई में गिर गया है, सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुँचकर ज्ञात हुआ कि उक्त पोकलैंड चालक मंदिर के पास पहाड़ियों पर मार्ग निर्माण कार्य के दौरान पत्थर की चपेट में आने से खाई में गिर गया है। जिस पर एसडीआरएफ टीम द्वारा मौके पर त्वरित कार्यवाही करते हुए लगभग 100 मीटर नीचे गहरी खाई में उतरकर उक्त व्यक्ति तक पहुंच बनाई जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी। एसडीआरएफ टीम द्वारा कड़ी मशक्कत करते हुए उक्त व्यक्ति के शव को स्ट्रेचर द्वारा वैकल्पिक मार्ग से होते हुए मुख्य मार्ग तक लाकर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। मृतक का नाम नंदन सिंह रौतेला (28) निवासी बेरीनाग बागेश्वर बताया जा रहा है।

# पंचतत्व में विलीन हुए प्रह्लाद दा, कला जगत में शोक की लहर

हमारे संवाददाता

नैनीताल। प्रसिद्ध कुमाउंनी लोक गायक प्रहलाद मेहरा के आकस्मिक निधन से उत्तराखंड के कला जगत में शोक की लहर है। हल्द्वानी के चित्रशिला घाट पर मेहरा का अंतिम संस्कार किया गया, जहां हजारों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। मेहरा का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से 53 साल की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया था।





प्रहलाद मेहरा के निधन से उत्तराखंडी समाज में गहरा शोक है। उनकी सुमधुर आवाज ने पहाड़ों की धरोहर को जीवंत किया था। उन्हें 'प्रहलाद दा' के नाम से प्रसिद्धी मिली थी। 15 से 80 वर्ष की आयु तक, उन्होंने पहाड़ी लोकसंगीत को अपनी आवाज से सजीव बनाया। प्रहलाद मेहरा के निधन का समाचार सुनकर उनके स्नेही, समर्थक और संगीत प्रेमी सभी दुखी हैं। उनके अनुसार, प्रहलाद दा ने उत्तराखंड की संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए अपनी आवाज और गीतों को समर्पित किया। प्रहलाद मेहरा के निधन के समय, उनके घर में गहरा शोक है। उनके भाई मनोहर मेहरा ने बताया कि प्रहलाद दा के गीतों में पहाड़ की नारी की पीड़ा, संघर्ष और उत्तराखंड के सौंदर्य को अभिव्यक्ति मिलती थी। महिलाओं के संघर्ष को आवाज देते हुए 'पहाड़ै की चेली लै कभै न खाया द्वि रवाटा सुखै लै' गीत गाया। 'बार घंटै की ड्यूटी मेरी तनख्वाह ढाई हजार..' से छोटी नौकरी के लिए महानगरों में धक्के खाते युवाओं की व्यथा लिखी थी।

# मोटरसाईकिल चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने घर के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रगति विहार निवासी रियासत हुसैन ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह सेलाकुई क्षेत्र में अपनी ससुराल आया था। उसने ससुराल के बाहर अपनी मोटरसाईकिल खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद बाहर आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*